हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 4 अप्रैल 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

4

चीफ जस्टिस ने वर्चुअल माध्यम से किया जिला व अपर सत्र न्यायालय का उद्घाटन



## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम खुटगांव निवासी स्व.सुंदरी बाई का झरियाडीपा नाला के पानी में डूबने से 19 नवम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतका के निकटतम वारिस उनके पुत्र राधेराम हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### हत्या के मामले में आरोपी दंपती गिरफ्तार, गए जेल

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी युवक की हत्या करने तथा शव को घर में दफन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दंपति को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक 31 मार्च की रात भगवानपुर खुर्द निवासी मिथलेश कुजूर थाना गांधीनगर आकर बताया कि 7 दिन पूर्व रात में गांव के बृजलाल अगरिया उसके घर आया था और शराब पीने के लिए अपने घर चलने का जिद करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान बृजलाल अगरिया ने मिथलेश का मोबाइल को तोड़ दिया जिससे दोनों के बीच मारपीट होने लगा। मिथलेश कुजूर ने बृजलाल अगरिया को लाठी से सिर में जानलेवा हमला कर दिया जिससे बृजलाल की मौत हो गई। मिथलेश कुजूर शव को पत्नी राजकुमारी की सहायता से अपने घर में सूअरों के लिए बनाये गड्ढे में डालकर छिपा दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस आरोपी को साथ लेकर उसके घर गया और शव को गड्ढे से बरामद किया। पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर दोनों के विरूद्ध धारा 103 (1), 238, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से पति पत्नी को जेल भेज दिया गया है।

### बाथरूम में गिरा युवक, पानी भरे टब में सिर डूबने से मौत

**अम्बिकापुर।** शीतला वार्ड निवासी विशाल मानिकपुरी आ. कामेश्वर दास (25 वर्ष) सुबह लगभग 9 बजे बाथरूम में आंख मुंह धोने गया था। तभी अचानक चक्कर आने से गिर गया। बाथरूम में गिरने की आवाज सुन बहन नदिनी दास बाथरूम गई तो देखा भाई का सिर पानी भरे टब में डूबा हुआ है। किसी तरह बहन से भाई को बाथरूम से निकाल घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बीती रात युवक शराब पिया था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पेड़ से टकराया ट्रेलर लगी भीषण आग

**अम्बिकापुर।** गुरूवार को अम्बिकापुर-रामानुजगंज नेशनल हाईवे क्रमांक 364 स्थित डूमरखी बैरियर के आगे मोड़ पर एक अनियंत्रित ट्रेलर के सड़क किनारे के पेड़ों से टकराने के कारण विपरीत स्थिति निर्मित हो गई। टक्कर के बाद ट्रेलर में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई। गुरूवार को अपराह्न 3 बजे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीआर 5772 डूमरखी बैरियर के आगे हाईवे के मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के विशाल दो पेड़ों से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दुर्घटना के तत्काल बाद ट्रेलर के इंजन से आग की लपटें उठने लगी तथा ट्रेलर धू-धूकर जलने लगा। गनीमत थी कि ट्रक चालक युसूफ अंसारी (32) समय रहते वाहन से कूद गया था। सूचना मिलते ही पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग टीम पहुंची तथा स्थिति को संभाला। टीम ने अग्निशमन को सूचना देकर घटनास्थल पर बुलाया साथ ही जंगल में आग फैलने की संभावना पर वन अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया।

# जयमरगा के गढ़पहाड़ की गुफा में हैं प्रागैतिहासिक काल के आदिमकालीन शैलचित्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


जशपुर की धरती प्राकृतिक सौंदर्यता से परिपूर्णहोने के साथ ही पुरातात्विक दृष्टिकोण से भी समृद्ध है। यहां की प्राकृतिक छटा सहजता के साथ लोगों को आकर्षित करने का माद्दा रखती है। यहां के प्राकृतिक तौर पर निर्मित झरने, गुफाएं एवं पहाड़ों का आकर्षण ऐसा है कि पर्यटक स्वमेव खींचे चले आते हैं।

- जिला मुख्यालय जशपुर से लगभग 30 किलोमीटर दूर मनोरा विकासखंड में स्थित है यह पुरातात्विक स्थल
- घने जंगलो में पहाड़ पर चढ़ाई कर पहुंचा जा सकता है गुफा तक

ऐसी ही खूबसूरती और आकर्षण लिए एक जगह है ग्राम जयमरगा का गढ़पहाड़। यहां पर प्राकृतिक रूप में निर्मित गुफा में आदिमकालीन शैलचित्र पाया गया है। इससे यह ज्ञात होता है कि आदिमानव यहां पर निवास करते रहे होंगे। उनकी बनाई कलाकृति आज भी यहां पर मौजूद हैं। जशपुर ⏭ शेष पेज 4 पर







### लुनैट, स्क्रैपर, पॉइंट, ट्रैपेज साइड स्क्रैपर, ब्लेड भी मिले

गुफा एक पहरेदारी की जगह जैसी प्रतीत होती है, जहां से प्रागैतिहासिक लोग शिकार के लिए जानवरों पर नज़र रखते थे। यहाँ हेमाटाइट पत्थर भी पाया जाता है, जिसका उपयोग रंग बनाने में होता था। इन चित्रों में कुछ प्रारंभिक काल के हैं और कुछ बाद के। यहां बैल, तेंदुआ, हिरण और मानव आकृतियां बनी हुई हैं। यहां माइक्रोलिथिक उपकरण जैसे लुनैट, स्क्रैपर, पॉइंट, ट्रैपेज, साइड स्क्रैपर, ब्लेड आदि भी पाए जाते हैं, जो शिकार और अन्य कार्यों के लिए प्रयोग किए जाते थे।

### गांव में प्रागैतिहासिक स्थलों की भरमार

पुरातत्त्ववेत्ता डॉ.अंशुमाला तिर्की और बालेश्वर कुमार बेसरा ने बताया कि जयमरगा गाँव में प्रागैतिहासिक स्थलों की भरमार है। यहां पहाड़, जंगल और नदी के कारण प्रागैतिहासिक मनुष्यों के जीवन के लिए आवश्यक भोजन, पानी और आश्रय की उपलब्धता थी। इस गांव में एक प्रागैतिहासिक शैलचित्र गुफा है, जहाँ मध्य पाषाण काल के उपकरण भी मिले हैं। शैलचित्र में मानव आकृतियां, पशु आकृतियां, ज्यामितीय आकृतियां और कुछ अज्ञात आकृतियां दिखाई देती हैं। ये चित्र लाल और सफेद रंग से बने हैं।

## 15 हजार श्रद्धालुओं की मौजूदगी में गूंजा रामनाम, नगर हुआ भक्तिमय

# कलश यात्रा के साथ राम कथा महोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी नगर में आयोजित होने जा रहे भव्य संगीतमय राम कथा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ हुआ। संत बापू चिन्मयानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। कलश यात्रा का शुभारंभ कुनकुरी शिव मंदिर परिसर से हुआ। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मिनी स्टेडियम ग्राउंड (बेमताटोली) पहुंची, जहां कथा का आयोजन होना है। इस दौरान पूरे नगर में "जय श्री राम"और "बजरंगबली की जय" के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।यात्रा में करीब 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विशेष रूप से बड़ी संख्या में माताएं-बहनें सिर पर कलश धारण कर भक्ति में लीन नजर आईं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरकर यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया।भजन-कीर्तन, राम नाम संकीर्तन और धार्मिक ध्वनियों से सजी यह कलश यात्रा नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही।

### विधि विधान से कलश स्थापना

समाजिंक एकता, सद्भाव एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का संदेश श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी। कथा स्थल पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की गई, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजन समिति के अनुसार, आज शाम 3:00 बजे से संगीतमय राम कथा का विधिवत शुभारंभ होगा, जिसमें संत बापू चिन्मयानंद जी महाराज श्रद्धालुओं को राम कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। राम कथा महोत्सव को लेकर कुनकुरी सहित आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उत्सुक हैं और पूरे आयोजन को लेकर धार्मिक माहौल बना हुआ है। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे अधिक सेप एलएलएम अधिक संख्या में पहुंचकर इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ लें।यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का संदेश दे रहा है।

# खाद की कालाबाजारी जमाखोरी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

संचालक कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जिले के किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उर्वरक की कालाबाजारी, गैर कृषि उपयोग, जमाखोरी, अधिक किमत पर विक्रय जैसे अवैध कार्यवाही रोकने हेतु संलिप्त व्यक्ति-फर्म के विरूद्ध उर्वरक आदेश 1985 के तहत कार्रवाई किये जाने हतु निर्देश दिए गए हैं।

- जिले में उर्वरक नियंत्रण कक्ष गठित

निर्देशों के परिपालन में कृषि विभाग के उप संचालक द्वारा अवैध गतिविधियों को प्रभावी नियंत्रण तथा शिकायतों का निराकरण एवं उर्वरकों का सुचारू रूप से वितरण सुनिश्चित कराने हेतु जिले में उर्वरक नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। जिसमें सहायक संचालक कृषि श्रीमती पंझाबाई पैंकरा को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियुक्त कर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण हेतु संबंधितों को निर्देशित करने कर निराकरण कराने की दायित्व सौंपे गए हैं। इनका संपर्क नम्बर 9669845600 है। इसी प्रकार सहायक सांख्यिकी अधिकारी लीला प्रधान को नियंत्रण कक्ष उप प्रभारी नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष प्रभारी के सहयोग एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उचित कार्यवाही करने, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को नियंत्रण कक्ष सहायक नियुक्त कर प्राप्त शिकायतों को पंजीबद्ध कर प्रभारी अधिकारी को अवगत कराने और कंप्यूटर ऑपरेटर हरिशंकर बरेठ को

### पीएम जनमन आवास योजना से आदिवासी परिवारों के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पीएम जनमन आवास योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है और वे सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन जी पा रहे हैं। इसी क्रम में मनोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करादरी के पहाड़ी कोरवा परिवार के कुल्लू राम को पीएम जनमन आवास योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत हुआ है। वर्ष 2023-24 में 2 लाख रुपये की राशि से उनका आवास पूर्ण किया गया है।

## नारायणपुर में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य महाकैंप

**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम नारायणपुर स्थित जनसेवा अभेद आश्रम एक बार फिर जनसेवा और मानवता की मिसाल पेश करने जा रहा है। अघोर परिषद ट्रस्ट एवं बाबा भगवान राम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्थापना दिवस के पावन अवसर पर 12 अप्रैल रविवार को एक दिवसीय भव्य निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के अनुभवी और सुविख्यात चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। मरीजों को एलोपैथिक, होम्योपैथिक सहित अन्य चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञों द्वारा जांच, परामर्श और उपचार की सुविधा एक ही स्थान पर निःशुल्क उपलब्ध होगी।




ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों से आने वाले लोगों के लिए यह शिविर किसी संजीवनी से कम नहीं होगा।

# दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत

**जशपुरनगर।** जिले के पत्थलगांव क्षेत्र अंतर्गत काडरों बाजार पारा के पास शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे और देखते ही देखते पूरा मंजर खून से लाल हो गया। घायल युवक दर्द से कराहते हुए सड़क पर तड़पते रहे, वहीं मौके पर मौजूद लोग सहम गए और कोई समझ ही नहीं पाया कि आखिर क्या किया जाए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइकें तेज रफ्तार में थीं और आमने-सामने भिड़ंत होते ही उनके परखच्चे उड़ गए। हादसे में घायलों के सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे भारी रक्तस्राव होने लगा। घायलों में महेशपुर निवासी समारू नाग सहित एक अन्य युवक शामिल है,। इसी बीच एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने पूरे घटनाक्रम को



इंसानियत की मिसाल में बदल दिया। पत्थलगांव के एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल कोतबा क्षेत्र के आकस्मिक निरीक्षण से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी नजर सड़क पर पड़े लहूलुहान युवकों पर पड़ी, उन्होंने बिना एक पल गंवाए तुरंत वाहन रुकवाया और खुद मौके पर उतरकर हालात को संभालने में जुट गए। आसपास खड़े लोगों को मदद के लिए बुलाया और दोनों घायलों को सावधानीपूर्वक उठवाया।

### नहीं किया एंबुलेंस का इंतजार

सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने एंबुलेंस का इंतजार करने के बजाय समय की गंभीरता को समझते हुए खुद ही दोनों घायलों को अपनी गाड़ी में बैठाया और सिविल अस्पताल पत्थलगांव के लिए रवाना हो गए। उनकी इस तत्परता के कारण घायलों को समय पर उपचार मिल सका, जो इस तरह के हादसों में सबसे अहम माना जाता है। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू कर दिया और फिलहाल दोनों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

## पूजा अर्चना के बाद सरना स्थल से निकली रैली

# प्रकृति पर्व सरहुल श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चैत पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को नारायणपुर के हस्तिनापुर स्थित कुडुख उरांव आदिवासी सेवा निकेतन मूली पड़हा में प्रकृति पर्व सरहुल (खद्द परब व धरती पूजा) अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।

सुबह से ही श्रद्धालुओं का सरना स्थल की ओर आना शुरू हो गया था और लगभग 10 बजे तक पूरा परिसर जनसमूह से भर गया। इसके बाद विधि-विधान से धरती अयंग (धरती माता) और बिडी बेबारस (सूर्य देव) की पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई, जिसमें ⏭ शेष पेज 4 पर




**कुड्डुख उरांव समाज के हजारों लोगों ने निकाली रैली:** पूजा-अर्चना के पश्चात सरना स्थल से एक भव्य और आकर्षक रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में कुडुख उरांव समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक साड़ी और आभूषणों से सजी हुई थीं, वहीं पुरुष भी अपने पारंपरिक पहनावे में मांदर, ढोल और नगाड़े बजाते हुए नृत्य कर रहे थे। रैली सरना स्थल से प्रारंभ होकर चराईमारा शिव मंदिर, चिटकवाइन, अघोर आश्रम, जय स्तंभ चौक, अटल चौक, कन्या शाला, पेट्रोल पंप चौक होते हुए थाना मार्ग से वापस सभा स्थल पहुंची। पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया और इस पारंपरिक उत्सव की झलक देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगरवासी उमड़े रहे।

### समाज के सभी ने सरखोसी परंपरा का किया निर्वहन

सरहुल पर्व की विशिष्ट परंपरा के अनुसार समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चे सभी ने अपने कानों में सरई (सखुआ) के फूल धारण कर 'सरखोसी की परंपरा निभाई। यह परंपरा प्रकृति के प्रति सम्मान, ऋतु परिवर्तन के स्वागत और सामुदायिक एकता का प्रतीक मानी जाती है। सरना स्थल पर पूजा के दौरान वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया, जहां मांदर और नगाड़ों की धीमी थाप के बीच श्रद्धालु प्रकृति की आराधना में लीन दिखे।

### ताल और लय के साथ सामूहिक नृत्य

रैली के दौरान जिस तरह से ग्रामीण "लय से लय"मिलाते हुए सामूहिक नृत्य कर रहे थे, वह कुडुख उरांव समाज की सांस्कृतिक एकजुटता और जीवंत परंपरा का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा था। हर आयु वर्ग के लोगों की सक्रिय भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।





Rera Registration No.
PCGRERA050625001938
Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।
अपने परिवार को नई रजिस्ट्री दरों का तोहफा देकर
अपने परिवार को दें एक ऐसा आसमां
जो दिल को भी भाए और जीवन को भी सजाए।
RERA APPROVED
1600 परिवारों का अटूट भरोसा
प्लाट की क़ीमत
14 लाख से 50 लाख तक
घर की क़ीमत
19.5 लाख से शुरू
AASMA BUILDERS & COLONISERS LTD.
Aasma City, Near Jain International School,
Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)
For More Details Contact
+91 9984999855
+91 9981620000
+91 9755855116
For more information scan this QR code

## खबर संक्षेप

### मवेशी तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार



**बलरामपुर।** मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गणेशमोड़ चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि 30 मार्च की रात कुछ लोग भैंसामुंडा रेलवे लाइन के रस्ते से बछिया को झारखण्ड तस्करी कर ले जा रहे है। सूचना पर गणेशमोड़ चौकी पुलिस ने घेराबंदी कर महाराजगंज निवासी 48 वर्षीय सलीम अंसारी आ. स्व. इजहार अंसारी को पकड़ने के साथ ही 4 रास गाय व बछिया एवं एक नग हीरों स्पेंडर प्लस मोटर सायकल क्रमांक सीजी 30 एच 6486 जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 4,6,10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### जगन्नाथ मंदिर में मनाया गया उत्कल दिवस




**बिश्रामपुर।** उड़ीसा स्थापना दिवस (उत्कल दिवस) के अवसर पर नगर बिश्रामपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में समाज के सदस्यों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री जगन्नाथ के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई,इसके पश्चात छत्तीसगढ़ राजकीय गीत तथा सुभद्रा ग्रुप की महिलाओं द्वारा उड़ीसा का राजकीय गीत "उत्कल जननी" प्रस्तुत कर आयोजन का शुभारंभ किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेनापति प्रधान ने उत्कल दिवस के महत्व, अपनी संस्कृति के संरक्षण तथा मंदिर के रखरखाव पर प्रकाश डाला,इस अवसर पर बच्चों द्वारा नृत्य एवं भाषण की प्रस्तुति दी गई,वहीं समाज की महिलाओं ने भी मधुर गीतों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई,कार्यक्रम का संचालन सचिव सूरज सेठी ने किया,कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों एवं महिलाओं को समिति द्वारा पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया,आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक अशोक स्वाई, शितीकांत स्वाई, संजय पंडा, सुदर्शन सेठी, ऋनाथ देहुरी, प्रफुल्ल नायक, बूनू स्वाई, विद्याधर साहू, प्रमोद कहर, संतोष सेठी, अलंकार नायक, दीप्ति स्वाई, गीतांजलि स्वाई, मीरा महापात्र, ममता सेठी, छंदाश्री, मंजू स्वाई, गीता त्रिपाठी व अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### योग कक्षा का शुभारंभ, फीता काटकर किया गया उद्घाटन



**रामानुजगंज।** नगर में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा समिति, अशोकनगर के तत्वावधान में 2 अप्रैल से निशुल्क योग कक्षाओं का पुनः शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 9 स्थित प्राचीन राम मंदिर परिसर में फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। योग कक्षाएं डॉ. पवन सिंघल द्वारा स्थापित संस्था के मार्गदर्शन में संचालित हो रही हैं। कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 7.15 बजे तक आयोजित होंगी, जबकि रविवार एवं विशेष अवसरों पर समय 7.30 बजे तक रहेगा। योग प्रशिक्षण का संचालन ग्वालियर के करुणा गुप्ता द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम योग गुरु ज्ञानेंद्र बाजपेई एवं योग शिक्षिका आरती वाजपेई के नेतृत्व में संपन्न हुआ। योग साधक अरविंद दुबे ने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। योग साधक अमित गुप्ता ने अधिक से अधिक लोगों से इस निःशुल्क योग कक्षा में शामिल होने की बात कही। इस संबंध में जानकारी देते योग साधक अनूप गुप्ता, अमित गुप्ता एवं बंटी अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में भी राम मंदिर में नियमित रूप से योग कक्षाएं संचालित होती थीं, जो कुछ समय के लिए बंद हो गई थीं। अब इन्हें पुनः प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योग शिविर में महिलाएं, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग सभी भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर योग साधक अरविंद दुबे, प्राचार्य आनंद पाठक, रेणु पाठक, सिम्मी गुप्ता, अजय केशरी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### जरही मंडल किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित, विनय बने उपाध्यक्ष



**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने संगठनात्मक विस्तार के तहत जरही मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। यह घोषणा जिलाध्यक्ष कपिल पाण्डेय की अनुशंसा पर की गई, जिसे मंडल अध्यक्ष अजीत गुप्ता ने जारी किया।

## सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा के पाठ सहित हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान

# आस्था के साथ मंदिरों में मनाया गया हनुमत प्रभु का जन्मोत्सव



मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हनुमान जयंती पर शहर सहित जिलेभर में हनुमत प्रभु जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शहर के हनुमान मंदिरों की आकर्षक साज-सज्जा करने के साथ ही विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए तथा हवन-पूजन उपरांत देर रात तक भंडारे का आयोजन किया गया।

**खास बातें**

- पूरे दिन श्रद्धालु करते रहे पूजा-अर्चना
- देर शाम तक चलता रहा भंडारा

स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच हनुमत प्रभु की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे दिन मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा एवं सुदंरकाण्ड का पाठ किया। मंदिर समिति द्वारा हवन-पूजन एवं आरती उपरांत भण्डारा प्रारम्भ किया जो देर रात तक चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। कलेक्टोरेट स्थित इच्छापूर्ति दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की हनुमत प्रभु के जन्मोत्सव पर विशेष रूप से सजाया गया था। जन्मोत्सव पर मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालु पूरे दिन मंदिर में पूजा-अर्चना करते रहे। जन्मोत्सव विशेष पूजा, आरती उपरांत सुंदरकांड का पाठ किया। शाम 5 बजे कलेक्टर अजीत बसंत ने विधि-विधान से सपत्निक पूजा-अर्चना की। हनुमत जन्मोत्सव पर मंदिर समिति द्वारा सुबह से ही भंडारे का आयोजन किया गया था जो देर शाम तक चलता है। शहर के दत्ता कॉलोनी स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव पर पूजा-आरती की गई तथा अखण्ड रामायण पाठ की पूर्णाहूति उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### हनुमान जयंती पर गढ़वतिया धाम में उमड़े श्रद्धालु

**बिहारपुर।** ग्राम पंचायत महुली स्थित गढ़वतियां देवी धाम में हनुमान जयंती पर दूर-दूर के श्रद्धालु पहुंचे एवं पूजा-अर्चना की। तड़के मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया और देर शाम तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। हनुमान जयंती पर मंदिर में पवन पुत्र की विशेष पूजा-अर्चना के साथ ही हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ, भजन-



कीर्तन किया गया। पूरे दिन चले धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं समिति द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था जिसके कारण भारी भीड़ के बावजूद किसी को भी परेशानी नहीं हुई। गढ़वतियां देवी धाम क्षेत्रवासियों के अटूट आस्था का केंद्र है, जहां हर वर्ष हनुमान जयंती पर विविध धार्मिक अनुष्ठान होते है।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में मनाया गया हनुमत जन्मोत्सव



**दरिमा।** खरा नदी के पास आस्था और विश्वास के केंद्र पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से हनुमत प्रभु का जन्मोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना एवं हवन कर रामायण पाठ किया गया इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर कोयलांचल में श्रीराम टॉवर व धर्मध्वजा की हुई स्थापना

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल बिश्रामपुर में हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया,इस अवसर पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में बुधवार से प्रारंभ हुआ अखंड रामायण पाठ दूसरे दिन पूर्ण हुआ। गुरुवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचना शुरू हो गया,निर्धारित कार्यक्रम के तहत हनुमान जी का सहस्त्रार्चन पूजन, हवन एवं आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। समस्त धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पंडित बालकिशुन गर्ग महराज एवं अन्य आचार्यों के सानिध्य में संपन्न हुए। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। इसी अवसर पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय बिश्रामपुर के प्रवेश द्वार व अम्बेडकर चौक समीप श्रीराम टॉवर एवं धर्मध्वजा स्थापना का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन प्रांगण स्थित शिव मंदिर से निकाली गई रैली से हुई, जो मुख्य बाजार का भ्रमण करते हुए दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंची,वहां दर्शन-पूजन के पश्चात रैली पुनः श्रीराम टॉवर स्थल पहुंची। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रीराम टॉवर में धर्मध्वजा स्थापित की गई,इसके बाद सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया तथा विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।आयोजन को सफल बनाने में भाजपा, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी एवं सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे। कार्यक्रम की तैयारियां पिछले एक माह से चल रही थीं।श्रद्धालुओं ने एक स्वर में 101 फीट ऊंचे श्रीराम टॉवर की स्थापना को कोयलांचल के लिए ऐतिहासिक बताया,इस टॉवर में लगाए गए दर्जन भर लाउडस्पीकरों के माध्यम से प्रातः एवं सायंकाल हनुमान चालीसा एवं भजनों का प्रसारण किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को नियमित रूप से धार्मिक श्रवण का लाभ मिल सकेगा।

- हवन पूजन व आरती पश्चात भंडारे का हुआ आयोजन



### नवनिर्मित मंदिर में पूजा अर्चना के साथ पंचमुखी हनुमान मूर्ति स्थापना

**प्रतापपुर।** थाना परिसर में पंचमुखी हनुमान का आज विधि विधान से पूजन कर नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति का स्थापना किया गया। बनारस से आए पंडितों द्वारा विधि विधान से बेदी पूजा सहित अनुष्ठान कर हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मूर्ति स्थापना की गई। मंदिर निर्माण सहित हनुमान की मूर्ति स्थापना से नगर में धार्मिक आस्था का केंद्र बना पुलिस थाना परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त ने विधि विधान से पूजन किया। मंदिर निर्माण सहित पंचमुखी हनुमान का मूर्ति विराजमान करने के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने भी मंदिर में पहुंचकर विधि विधान से पूजन किया एवं मंदिर निर्माण को लेकर अपनी धार्मिक आस्था और नवनिर्मित मंदिर सहित पंचमुखी देव की सराहना किया। इस दौरान थाना प्रभारी अमित कौशिक, हरिशंकर तिवारी, राजेश यादव, राजेश तिवारी, विनोद परीडा, मंदिर समिति अध्यक्ष सतीश चौबे, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, लाल संतोष सिंह, विंध्याचल गुप्ता, अंकुर जायसवाल, अमित पांडे सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।



### पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम

**राजपुर।** पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी जिससे क्षेत्र में भक्ति व श्रद्धा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सहस्त्र पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें नगर के श्रद्धालु सपरिवार शामिल हुए। वार्ड क्रमांक 6 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर नगरवासियों की आस्था और सामूहिक सहयोग का जीवंत उदाहरण बन गया है। नगर वासियों के सहयोग से निर्मित यह मंदिर आज क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजय सिंह,पार्षद विश्वास गुप्ता, विकास सोनी, सचिन सोनी, शंकर अग्रवाल, नरेश अग्रवाल सहित नगरवासी मौजूद रहे।



### डीएसपी पीडी.कुजूर लंबी सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त

**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ रहे डीएसपी पीडी.कुजूर ने 37 वर्ष 3 माह तक सेवा देकर 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए( इस अवसर पर जिला पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर समेत कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर एसएसपी ने सेवानिवृत्त डीएसपी को साल-श्रीफल, उपहार, स्मृति चिन्ह एवं प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में एसएसपी ने कहा कि डीएसपी पीडी कुजूर ने अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ किया( अधीनस्थों को समय-समय पर मार्गदर्शन देते रहे। शांती एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रियता से कार्य किया। उन्होंने सेवानिवृत्त डीएसपी के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त डीएसपी के परिजन, एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी रीना नीलम कुजूर, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## बिना अनुमति मोबाइल टावर निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम पंचायत केतका में बिना अनुमति लगाए जा रहे मोबाइल टावर को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सरपंच, उपसरपंच, पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का विरोध किया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्य बंद कराने की मांग की।

पूर्व सरपंच बाबूलाल सिंह ने बताया कि पंचायत की बिना एनओसी के कोई भी कंपनी, चाहे वह सरकारी ही क्यों न हो, पंचायत क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कर सकती। बावजूद इसके एक कंपनी द्वारा बिना अनुमति मोबाइल टावर का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। ग्रामीणों का कहना है कि टावर के लिए चयनित स्थान भी उपयुक्त नहीं है। उस स्थान पर पंचायत के कई विकास कार्य प्रस्तावित हैं, जो टावर निर्माण से प्रभावित हो सकते हैं। इसे लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इस मुद्दे पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निर्माण कार्य को रोका जाना चाहिए। इसके बाद सभी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जब तक संबंधित कंपनी सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं करती, तब तक निर्माण को पूरी तरह से बंद कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगे भी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे ।



### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**कुसमी।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तहसील पारा स्थित हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। रामायण पाठ के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जयंती पर आज सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। इधर सरहुल पर्व के अवसर पर दूर दूर से आए ग्रामीणों ने भी भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। पुजारी ने बताया कि हनुमान मंदिर की स्थापना तहसील पारा 1961 वर्ष में की गई थी, उसके बाद से पूजा पाठ निरंतर चल रहा है। लगभग 30 वर्षों से विशाल भंडारा का आयोजन भक्तों द्वारा लगातार किया जा रहा है।



### समलाया मंडल में दो दिवसीय भाजपा प्रशिक्षण महाभियान का समापन

**अम्बिकापुर।** पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत समलाया मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन गुरूवार को किया गया। द्वितीय दिवस के चतुर्थ सत्र में सरकार की उपलब्धि एवं कार्यान्वयन एवं समापन सत्र में परीक्षा जिज्ञासा समाधान एवं समापन विषय पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विचार व्यक्त किया। सत्र की अध्यक्षता भगवान दास बंसल ने की। श्रीमती अरूणा सिह ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, समलाया मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी और परसा मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने वक्ताओं एवं अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विनोद हर्ष, अभिषेक प्रताप सिंह, अजय सोनी, पूरन राई, सर्वेश तिवारी, सतीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



## कलेक्टर एवं एसएसपी ने केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कलेक्टर अजीत वसंत एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल ने केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसएसपी ने जेल परिसर में स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की जांच की।

- जेल की सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का भी अवलोकन किया और आवश्यक तकनीकी दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने सभी बंदी बैरकों की सघन जांच की, जहां किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री नहीं पाई गई। कलेक्टर श्री वसंत ने जेल अस्पताल का दौरा कर वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। विशेष रूप से मानसिक रूप से अस्वस्थ बंदियों के समुचित उपचार और महिला वार्ड में रह रहे बच्चों के समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने जेल की पाकशाला (किचन) और उद्योग इकाई का भी निरीक्षण किया। बंदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई, इसके साथ ही जेल परिसर और बैरकों में साफ-सफाई की व्यवस्था भी बेहतर मिली। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल, जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत, उप जेल अधीक्षक आरआर मातलाम सहित अन्य उपस्थित थे।

## केंद्र के आर्थिक कुप्रबंधन एवं कूटनीति की विफलता के कारण बढ़ी महंगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने जिला कांग्रेस कार्यालय में केंद्र सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन कुटनीतिक विफलता के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ने का आरोप लगाया। ईरान से जुड़े तनावपूर्ण स्थिति में सरकार की कूटनीति रही जिसके कारण पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है तथा सरकार को जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है।

- प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि मोदी सरकार ने फिर से कमर्शियल गैस की कीमत में 195 रूपए की बढ़ोतरी की है। इसके पूर्व बीते तीन महीनों के भीतर कमर्शियल गैस की कीमत में 525 रूपए तक की वृद्धि की गई थी। पिछले महीने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 62 रूपए की बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर वाहवाही लूटी थी। भाजपा नेता इसे बड़ी राहत के रूप में प्रचारित कर रहे थे लेकिन सरकार ने फिर से पेट्रोल की कीमत में एक रूपए की वृद्धि कर दी है। जिसका प्रभाव अलग-अलग राज्यों में देखने को मिल रहा है। नायरा के पेट्रोल पंपों पर यह बढ़ोत्तरी 4 रूपए तक पहुंच गई है। सरकार ने एविएशन फ्यूल के दामों में भी वृद्धि की है जिससे हवाई यात्रा महंगी हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खाद्य तेल, मावा, राशन सामग्रियों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मोदी सरकार ने आम आदमी के किचन का बजट बढ़ा दिया है। खाद्य तेल को 70 रूपए लीटर पहुंचने में 70 साल लग गए थे लेकिन मोदी राज में चंद दिनों में ही खाद्य तेल 200 रूपए के ऊपर पहुंच गया है। भाजपा की सरकार में आम आदमी का जीवन स्तर दिनो-दिन खराब हुआ है। सारी राहत एवं रियायतें भाजपाइयों के पूंजीपति मित्रों के लिए है। देश के संसाधन एवं सार्वजनिक उपक्रम उन्हीं पर लुटाए जा रहे हैं जबकि आम आदमी इस महंगाई में परिवार पालने के लिए संघर्ष कर रहा है।

### जेब पर पड़ रहा असर

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती यूपीए सरकार ने मनरेगा के नाम से रोजगार की गारंटी का प्रावधान किया था जिसे मोदी सरकार ने योजना में परिवर्तित गरीबों के रोजगार का हक छीन लिया है। आम आदमी की कमाई लगातार घट रही है। देश के संसाधनों पर मोदी के पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में आर्थिक असमानता बढ़ रही है। महंगाई आम जनता के लिए भाजपा निर्मित आपदा बन गई है। रेलवे की टिकट से लेकर स्कूल, कॉलेज की फीस तक कई गुना बढ़ चुकी है। सरकार के संरक्षण में बैंक तरह-तरह के सेवा शुल्क लगाकर आम खाताधारकों को खुलेआम लूट रहे हैं। आगामी दिनों में महंगाई और अधिक बढ़ने की संभावना है जिससे लोगों का जीवन मुश्किल हो जाएगा। इस दौरान कांग्रेस नेता द्विवितेंद्र मिश्रा, मो.इस्लाम, संजय विश्वकर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, विनीत विशाल जायसवाल, दुर्गेश गुप्ता, अनूप मेहता, आलोक सिंह, नरेंद्र विश्वकर्मा, विकल झा, आशीष जायसवाल, अविनाश कुमार, अमित सिंह आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अवैध परिवहन में संलिप्त हाइवा जब्त

**सारंगढ़।** जिले के खनिज अमला द्वारा जिला अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु समय समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर एवं विभिन्न संचार माध्यमों से प्राप्त सूचना पर तत्परता से कार्यवाही किया जाता है। खनिज अमला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा 01 अप्रैल को प्रश्नाधीन क्षेत्र गुड़ेली-टिमरलगा का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान मौका स्थल में कोई भी अवैध उत्खनन किया जाना नहीं पाया गया। मौका स्थल पर उपस्थित व्यक्तियों एवम ग्राम उपसरपंच को निर्देशित किया गया की यदि किसी भी प्रकार का उत्खनन किया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सारंगढ़-बिलाईगढ़ या समीपस्थ थाना को निर्देशित किया गया। गुड़ेली-टिमरलगा क्षेत्र में प्राप्त शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग एवं खनिज अमला जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की संयुक्त दल द्वारा 16 मार्च को प्रश्नाधीन क्षेत्र का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान मौका स्थल पर खनिज चूनापत्थर के अवैध उत्खनन में संलिप्त कुल 10 नग मशीन/वाहनो पर छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21(4)(5) के तहत कार्यवाही किया गया।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए 6 और 10 को शिविर

**सारंगढ़।** जांच और दिव्यांगता प्रमाण पत्र से वंचित दिव्यांग जनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए आगामी 6 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला और 10 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में जिला मेडिकल बोर्ड का शिविर होगा। इसमें आँख, हड्डी, कान, नाक, गला, आदि के डॉक्टर मौजूद होंगे। ऐसे दिव्यांग जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र अब तक नहीं बन पाया है, वे बरमकेला और बिलाईगढ़ में शिविर का लाभ लेकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बना सकते हैं। इसमें शामिल होने के लिए पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, दिव्यांग दिखाई दे रहा है ऐसा फोटो लाना होगा।

## पेज 1 का शेष

### जयमरगा के गढ़पहाड़ ...

जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर जयमरगा ग्राम है। ग्राम पंचायत डड़गांव का यह आश्रित ग्राम जयमरगा मनोरा विकासखंड के अंतर्गत आता है। ग्राम की आबादी लगभग 1400 है। इस ग्राम तक पहुंचने के लिए सड़कें बनी हुई है। जयमरगा पहुंचने पर यहां की गढ़पहाड़ पर लगभग 300 मीटर तक चढ़ाई करने के बाद इस गुफा तक पहुंचा जा सकता है। इस गुफा में ही आदिमकालीन शैलचित्र बने हुए हैं। ग्रामीण यहां पर पूजा भी करते हैं।

### प्रकृति पर्व सरहुल ...

समाज के बुजुर्गों और पुजारियों ने पारंपरिक मंत्रोच्चार और अनुष्ठानों के माध्यम से नई फसल की समृद्धि, वर्ष भर की खुशहाली, धरती के समस्त जीव-जंतुओं की रक्षा तथा पूरे मानव समाज की शांति और कल्याण की कामना की।

**कुडुख उरांव समझता है प्रकृति को जीवन आधार**-कुडुख उरांव समाज की विशेषता यह है कि यह समाज प्रकृति को ही जीवन का आधार मानता है और जल, जंगल तथा जमीन को अपनी पहचान और अस्तित्व से जोड़कर देखता है। सरहुल पर्व इसी प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की भावना का प्रतीक है, जिसमें धरती को माता मानकर उसकी पूजा की जाती है और यह संदेश दिया जाता है कि मानव जीवन का संतुलन प्रकृति के साथ सामंजस्य में ही संभव है। इस पर्व के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराया जाता है। इस आयोजन में राजी पड़हा हस्तिनापुर समाज के मुखिया बेल जी सुरेंद्र भगत, देवान अरविंद कुमार निराला, उप देवान संतोष राम भगत, ललित भगत, राजाराम बेल, पाऊ पड़हा देवनाथ राम, जड़ा पड़हा देवान तुई प्रधान, रून राम निराला, रामकुमार बागे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला प्रभाग से रानी सिनगी दई महिला संघ की अध्यक्ष श्रीमती बसती प्रधान भगत, चुनगुनी, सुमन अंगत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

---

**चर्चों में गूंजे सात वाणियों के स्वर**

# गुड फ्राइडे पर क्रूस यात्रा में छलका दर्द, हजारों श्रद्धालु हुए भावुक





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

त्याग, बलिदान और मानवता के संदेश का प्रतीक गुड फ्राइडे शुक्रवार को जिलेभर में गहरी श्रद्धा और शोक के साथ मनाया गया। प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बलिदान की स्मृति में आयोजित इस पर्व पर चर्चों में विशेष आराधनाएं हुईं, वहीं शहर मे निकली क्रूस यात्रा ने माहौल को और भावुक बना दिया।

सुबह से ही चर्चों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रार्थना सभाओं के दौरान कोयल दल ने प्रभु यीशु की 'सात वाणियों' पर आधारित भक्ति गीतों का मार्मिक गायन किया। गीतों के बीच श्रद्धालु यीशु के अंतिम क्षणों को याद कर भावुक होते नजर आए। चर्च परिसर पूरी तरह शांत, गंभीर और आध्यात्मिक वातावरण में डूबा रहा। जिले के कुनकुरी, जरिया, घोलेंग, लोदाम, गिनाबहार सहित अन्य चर्चों में विशेष आराधनाएं आयोजित की गई। गुड फ्राइडे का सबसे मार्मिक दृश्य 'क्रूस मार्ग' के दौरान देखने को मिला। प्रभु यीशु के दुःखभोग की 14 घटनाओं को दर्शाते हुए श्रद्धालुओं ने शहर के विभिन्न मार्गों पर क्रमवार पड़ाव बनाए। हर पड़ाव पर बाइबल वचनों का पाठ, प्रार्थना और गहन मनन किया गया। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ती गई।कई श्रद्धालु क्रूस उठाकर चलते नजर आए, तो कई घुटनों के बल चलकर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते दिखे। वातावरण इतना भावुक था कि कई लोगों की आंखें नम हो गईं। पूरे शहर में भक्ति, करुणा और त्याग का अद्भुत संगम देखने को मिला।

#### प्रेम और क्षमा ही सच्चा मार्ग

शांति भवन चर्च के मुख्य अनुष्ठाता फादर अलेक्स लकड़ा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुड फ्राइडे सिर्फ एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मानवता के लिए जीने का संदेश है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने अपने प्राणों का बलिदान देकर यह सिखाया कि नफरत का जवाब प्रेम से और बदले का जवाब क्षमा से देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज समाज में बढ़ती कटुता और विभाजन के दौर में गुड फ्राइडे का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो गया है। हमें प्रभु यीशु के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में शांति और भाईचारा स्थापित करना चाहिए।

#### श्रद्धालु हुए भावविभोर

कार्यक्रम के दौरान पल्ली के गायक दल ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। मधुर स्वर और भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को गहराई तक छू लिया। कई लोग गीतों के दौरान आंखें बंद कर प्रभु का स्मरण करते दिखे, तो कई भावुक होकर रो पड़े।

#### कल मनाया जाएगा ईस्टर

मसीही मान्यता के अनुसार, प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाने के बाद कब्र में रखा गया था, लेकिन तीसरे दिन यानी रविवार को वे पुनर्जीवित हुए। इसी घटना की स्मृति में रविवार को ईस्टर पर्व मनाया जाएगा, जो आशा, नई शुरुआत और जीवन के संदेश का प्रतीक है।

#### श्रद्धालुओं ने लिया संकल्प

गुड फ्राइडे के समापन पर श्रद्धालुओं ने समाज में प्रेम, शांति और सहिष्णुता बनाए रखने का संकल्प लिया। एक-दूसरे के प्रति करुणा और सम्मान बनाए रखने का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।



## हनुमान जन्मोत्सव : भक्ति में डूबा पूरा नगर

**चंद्रपुर।** पवनपुत्र संकटमोचन भगवान हनुमान के जन्मोत्सव का पावन पर्व इस वर्ष चंद्रपुर नगर में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर के विभिन्न मंदिरों और स्थानों पर भव्य धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला देखने को मिली। सुबह से लेकर देर रात तक चले कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। नगर के वार्ड क्रमांक 3 में पूर्व पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू यादव के नेतृत्व में उनके निवास परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। भक्तों ने विधिवत पूजा कर भगवान हनुमान जी से सुख समृद्धि और शांति की कामना की। भंडारे में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सामाजिक समरसता और भाईचारे का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। इसी कड़ी में नगर के बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भव्य आयोजन किए गए। प्रातः 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं विधिवत पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वही दोपहर 4 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं, श्रद्धालुओं, समिति के सदस्यों ने एक साथ बैठकर भगवान राम और हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया।

- हवन, भंडारा और सुंदरकांड पाठ से गूंजा मंदिर परिसर

## भवन केवल स्कूल नहीं बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में एक योगदान है

- जेपीएल द्वारा निर्मित हायर सेकंडरी स्कूल के नए भवन का हुआ लोकार्पण



**रायगढ़।** स्कूल के लिए नया भवन बनाना केवल स्कूल निर्माण नहीं बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में योगदान दे रहे हैं। अच्छी बात यह है कि इस स्कूल में छात्राओं की संख्या अधिक है। जंदल फाउंडेशन तमनार द्वारा बनवाए गए इस नए भवन से विद्यार्थियों को शिक्षा लेने में सहुलियत होगी।

ये बातें गुरूवार को धौराभांठा आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के नए भवन का लोकार्पण के अवसर पर माइंस जेपीएल तमनार के सीईओ व प्रेसीडेंट ओमप्रकाश ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व चेयरमैन ओपी जिंदल का सपना था कि दूरदराज के गांवों में महिलाओं की शिक्षा में योगदान दिया जाए। उनका मानना था कि लड़कियों को पढ़ाने से मायका और ससुराल दोनों सुधरता है। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर में बनाए गए भवन के अलावा लैब, स्टेज व अन्य कार्यों में जिदंल फाउंडेशन का योगदान है। यहां से पढ़कर आगे की यात्रा आपको तय करनी है। उन्होंने कहा जिंदल में एनआईटी, आईआईटी से पास आउट विद्यार्थी आए हुए हैं। वे यहां पढ़ाने के लिए आएंगे ताकि न केवल धौराभांठा बल्कि आसपास के अन्य गांवों से पढ़ाई करने यहां आने वाले विद्यार्थियों का भविष्य बेहतर बन सके। उन्हें कोर्स के अलावा अन्य ज्ञान भी होना चाहिए। एवीपी सीएसआर ऋषिकेश शर्मा ने कहा कि नवमीं से बारहवीं तक की पढ़ाई क्रिटिकल होती है। इसलिए विद्यार्थियों की जरूरत के हिसाब से स्कूल में जिंदल पावर लिमिटेड के द्वारा व्यवस्था की जा रही है। स्कूल के विकास का श्रेय जिंदल को शासकीय हायर सेकंडरी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल धौराभांठा के प्राचार्य एसआर डनसेना ने कहा कि विद्यालय के विकास में जिंदल प्रबंधन का बहुत बड़ा योगदान है।

### अब बैंक में जमा होंगे ऑनलाइन चालान

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ में अब बैंक में जमा करने वाले सभी भौतिक चालानो का प्रचलन समाप्त कर अब ईचालान मॉड्यूल के ओटीसी ऑनलाइन माध्यम से ही चालान जमा करने की व्यवस्था 1 अप्रैल से अनिवार्य किया गया है। सभी पक्षों के लिए उपयोगी होने से इस ओटीसी प्रक्रिया की सुविधा गत वर्ष से लागू है। ओटीसी सुविधा अंतर्गत ईचालान पोर्टल पर चालान जमा करते समय चालान का डाटा बैंक को ऑनलाइन ट्रान्सफर कर दिया जाता है जिससे बैंक स्तर पर पुनः चालान प्रविष्टि की आवश्यकता नहीं रहती है। बैंक काउंटर पर केवल ऑनलाइन द्वारा जनरेटेड चालान, जिसमें ट्रेज़री रिफरेन्स नंबर टीआरएन की प्रविष्टि करके राशि जमा की जाती है एवं बैंक द्वारा एमआईएस कोषालय में ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाता है। इस डिजिटलीकरण व्यवस्था को लागू करने से डाटा प्रविष्टि की त्रुटियों में कमी आयेगी तथा लेखांकन सही रूप में हो सकेगा।

## चीफ जस्टिस ने वर्चुअल माध्यम से किया जिला व अपर सत्र न्यायालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया



खरसिया तहसील में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर तहसील खरसिया में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास तथा सारंगढ़ बिलाईगढ़ सिविल जिला रायगढ़ में डिजिटल कंप्यूटर रूम के निर्माण हेतु भूमि पूजन भी वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ।

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने नवीन न्यायालय के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र की जनता को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के आवास तथा डिजिटल कंप्यूटर रूम के निर्माण को न्यायिक अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अहम उपलब्धि बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम दिवस पर इस प्रकार के विकास कार्यों का शुभारंभ होना पूरे वर्ष में अधोसंरचना विकास के प्रति सकारात्मक संकेत है। इस दौरान न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, पोर्टफोलियो जजए जिला रायगढ़ भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।वहीं कार्यक्रम का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ में किया गया, जहां से तहसील खरसिया एवं जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन द्वारा तथा आभार प्रदर्शन विशेष न्यायाधीश श्रीमती शोभना कोष्टा द्वारा किया गया। 01 अप्रैल से तहसील खरसिया में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के रूप में श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव द्वारा न्यायालयीन कार्य की शुरुआत कर दी गई है।

### बूथ सम्मेलन में शामिल हुए वित्त मंत्री



**रायगढ़।** असम विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कालियाबोर विधानसभा क्षेत्र के पश्चिम कालियाबोर मंडल असम में आयोजित बूथ सम्मेलन में एनडीए प्रत्याशी केशव महंता के साथ छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए।

## कक्षा 11 वीं में नमन ने लहराया परचम



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में स्थापित अभिनव विद्यामंदिर के इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम के छात्रों का परीक्षा परिणाम को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी शैलेष देवांगन स्कूल पहुंच कर छात्रों को सम्मानित किया। इन्होंने कक्षा ग्यारहवी के मैथ्स विषय में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए छात्र नमन साव सहित अन्य छात्र शामिल थे। जानकारी के मुताबिक यहां के इंग्लिश मीडियम के क्लास नर्सरीः फर्स्ट समर्थ साव, द्वितीय नुबिका जेना, एलकेजीः जिज्ञासा कुर्रे, भूमिका प्रधान, युकेजीः प्राची गुप्ता, आरोही गुप्ता, क्लास फस्टः लविना चौहान आयांस भोय, क्लास सेकेड प्रियल पटेल, निकेता गुप्ता, क्लास थर्ड अंश सिंह राजपुत, आरूष गुप्ता, क्लास फोर्थ प्रियांसु मेश्राम, यमन गुप्ता, क्लास सिक्स प्रियांसु गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, क्लास सेवन, लिसा सारथी, सुरज साव, क्लास 9, सुधाषु गुप्ता, सौम्या गुप्ता, तथा क्लास इलेवन, नमन साव, सत्यरेखा भास्कर ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है।

### केंद्र सरकार की विफलता के कारण महंगाई : कांग्रेस



**रायगढ़।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र की गलत नीतियों, आर्थिक कुप्रबंधन, कूटनीतिक विफलताओं को फोकस करते हुए जनता का ध्यान आकृष्ट किया और बताया कि मोदी सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता के कारण महंगाई किस कदर बेहताशा बढ़कर आम जनता को त्राहि माम करने को मजबूर कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष शाखा यादव ने बताया कि दिनों दिन घरेलू आवश्यक वस्तुओं के दामों में निरंतर वृद्धि हो रही है ये मोदी सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलताओं का ही परिणाम है। स्वरोजगार की दृष्टिगत कमर्शियल गैस अत्यंत ही आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में आता है जिसका उपयोग कर लाखों लोगअपना जीवन यापन करते हैं इसके दामों में निरंतर वृद्धि मोदी सरकार द्वारा की जा रही है।

## भक्ति से सराबोर दुर्गा मंदिर से कर नापते हनुमान मंदिर पहुंचे मंजूल

- हनुमान जन्मोत्सव पर दिखा भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम



**रायगढ़।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को शहर में भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शहर के वरिष्ठ व समाजसेवी मंजुल दीक्षित मां दुर्गा मंदिर, रामलीला मैदान से बजरंगपारा स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर तक कर नापते हुए पहुंचे और क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और जनकल्याण के लिए हनुमान मंदिर में माथा टेक कर अपनी हाजिरी लगाई। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक व श्रद्धालु साथ रहे और रास्ते भर पवनसुत हनुमानजी के जयकारे लगाते रहे। मंजूल की कठिन साधना और अटूट विश्वास के सैकड़ों लोग गवाही बने।

शहर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। शहर के हनुमान मंदिरों में सुबह से रात तक हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर कांड पाठ, भंडारा सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। इस बीच रामलीला मैदान व बजरंपारा क्षेत्र में आस्था व विश्वास के साथ भक्ति व शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शहर के हर वर्ग में समाजसेवी मंजूल दीक्षित शहर सहित प्रदेश व देश की सुख समृद्धि के लिए कड़ा संकल्प लिया था, जिसे उन्होंने हनुमान जन्मोत्सव पर पूरा किया। उन्होंने माँ दुर्गा मंदिर रामलीला मैदान से लेकर संकटमोचन हनुमान मंदिर, बजरंग पारा तक कर नापते हुए मार्ग तय किया। चिलचिलाती धूप और कठिन डगर की परवाह किए बिना उन्होंने पूरे भक्ति भाव के साथ अपना यह संकल्प पूरा किया और हनुमानजी के दरबार तक अपनी हाजिरी लगाई। इस दौरान पूरा रास्ता बजरंग बली के जयकारे से गूंज रहा था। संकटमोचन मंदिर पहुँचने के पश्चात उन्होंने पवनपुत्र श्री हनुमान के चरणों में 27 नारियल अर्पित किए। मंदिर परिसर में उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की और प्रार्थना की कि सभी के जीवन से संकटों का नाश हो और खुशहाली का संचार हो।

## महिला पतंजलि योग समिति में संभाग स्तरीय योग कार्यशाला का आयोजन




**तमनार।** महिला पतंजलि योग समिति रायगढ़ में संभाग स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन 29 मार्च को ओजस योग मंदिर रायगढ़ में सुबह 8 बजे योग अभ्यास एवं यज्ञ हवन से शुरू हुआ। उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी जया मिश्रा विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम सोलंकी, रोहिणी पटनायक एवं राज्य सोशल मीडिया प्रभारीसह राज्य कार्यकारिणी सदस्य गीतांजलि पटनायक राज्य कार्यकारिणी सदस्य श्रेया अग्रवाल जी रहीं। यज्ञ हवन पश्चात सभी ने स्वल्पाहार ग्रहण किया तत्पश्च भारत माता की छायाचित्र पर मुख्य अतिथि के कर कमल द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला के द्वितीय सत्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि का पुष्प कुछ एवं माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात रायगढ़ जिला प्रभारी गीतांजलि पटनायक के द्वारा रायगढ़ जिला के कार्यकारिणी सदस्यों तहसील प्रभारी एवं विभिन्न योग शिक्षिकाओं का परिचय दिया गया।

